हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 2 मई 2025

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री



पुसौर में भूमिपूजन के बाद जलाशयों का काम शुरू





## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टर्स हुए सम्मानित

**रायगढ़।** छग राज्य आयुर्वेद यूनानी योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा रजिस्ट्रार डॉण्संजय शुक्ला गत दिवस एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास पर आए थे। इस दौरान उन्होंने जिला आयुर्वेद कार्यालय रायगढ़ में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी चिकित्सकों को हमेशा सक्रिय रूप से कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्होंने प्रकृति परीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के डॉक्टरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला आयुष अधिकारी डॉ.चन्द्रशेखर गौरहा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग रायगढ़ में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्रकृति परीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉ शुक्ला ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डॉ.शुक्ला ने कहा कि रायगढ़ जिले के डॉक्टरों ने निष्ठा पूर्वक कार्य करते हुए प्रकृति परीक्षण में पूरे राज्य में अव्वल स्थान हासिल किए। इस दौरान डॉ.शुक्ला ने जिले में प्रथम स्थान के लिए डॉ.प्रियंका नायक, द्वितीय स्थान के लिए डॉ.अजय नायक एवं तृतीय स्थान के लिए डॉ.कुणाल पटेल को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

### नीट यूजी परीक्षा 4 मई को

**रायगढ़।** नीट यूजी परीक्षा का आयोजन 4 मई को किया जाएगा। जिसके सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी परीक्षा शाखा रायगढ़ समीर बड़ा को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक.19 में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उक्त नियंत्रण कक्ष में जनसामान्य एवं परीक्षार्थियों से प्राप्त होने वाले शिकायतों को पंजी में दर्ज करने हेतु नगर सैनिकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक नगर सैनिक क्रमांक 202 गजेन्द्र दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक नगर सैनिक क्रमांक 42 महेश साहू तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक नगर सैनिक क्रमांक 125 हरिशंकर चौहान की ड्यूटी लगाई गई है।

### 22 जून को होमगार्ड की होगी लिखित परीक्षा

**रायगढ़।** होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिको ;छात्रावास ड्यूटीद्ध तथा 500 नगर सैनिकों जनरल ड्यूटी के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष 2024 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा का आयोजन राज्य के संभागीय केन्द्र रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अम्बिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें पात्र कुल 20 हजार 137 अभ्यर्थियां को लिखित परीक्षा के लिए चयनित किया गया था। जिसकी सूची विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिए छग व्यापम वेबसाईट के लिंक में जाकर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। व्यापम वेबसाईट पर पंजीयन उपरांत ऑनलाईन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 30 मई 2025 शुक्रवार सायं 6 बजे तक निर्धारित है।

## लूट के इरादे से पहुंचे रायगढ़, स्टेशन में गुजारा दिन, रात में दिया वारदात को अंजाम

# ऑटो चालक को लूटने बने सवारी, हमला के बाद भाई से मांगी एक लाख की फिरौती..!



अस्पताल में इलाज कराने पहुंचा घायल ऑटो चालक व साथ में उसके परिजन।



सीसी टीवी फुटेज में दिखे आरोपी।

### एमन के बात मान ले भाई, मोर जान ले लीही..

किडनैपर्स ने पहले विजय के भाई को उसके फोन से कॉल किया तो उसने फोन नहीं उठाया। इसके बाद आरोपियों ने विजय का वीडियो बनाया। जिसमें वह कह रहा है कि भाई जो भी 10-20 हजार मांगत हे यार ओमन ला देदे, मोर जान ले लीही एमन.. ये भाई मन के बात मान ले, भैया मन तोर पास वीडियो भेजत हे..! इस वीडियो को देखने के बाद तो विजय के पैरों तले जमीन खिसक गई और देर रात तक परिजन परेशान होते रहे।

### नाबालिग को अपराध के दलदल में ढकेला

आरोपी प्रकाश तो खुद आपराधिक प्रवृत्ति का है। सूत्रों की मानें तो उसकी पत्नी रोजी-मजदूरी कर घर चलाती है। वहीं उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। प्रकाश के इस कृत्य से उसके परिवार के उपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं प्रकाश द्वारा कक्षा 9वीं में पढ़ने वाले नाबालिग को अपराध के दलदल में धकेल दिया गया है। जिससे उसके भविष्य पर भी सवालिया निशान खड़े हो गए हैं और नाबालिग के परिवार में भी सभी दुखी हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

ऑटो चालक को लूटने के इरादे से एक युवक व नाबालिग गांव से बस में रायगढ़ पहुंचे। वहीं दिनभर रेलवे स्टेशन में गुजारने के बाद रात में ऑटो बुक कर चालक को पुसौर के ग्राम रूचिदा ले गए। जहां सुनसान जगह में चालक के सिर पर बीयर की बोतल और टांगी से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसकी वीडियो बना कर उसके भाई से एक लाख की फिरौती मांगने लगे। पुलिस ने इस मामले में दोनों किडनैपर्स को गिरफ्तार कर लिया है।

पुसौर थाना क्षेत्र का यह मामला किसी फिल्मी स्टाइल से कम नहीं है। दरअसल चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के गोपालपुर का रहने वाला विजय यादव उर्फ गोलू (38) रायगढ़ रेलवे स्टेशन में रात में ऑटो चलाने का काम करता है। बुधवार की रात भी वह सवारी के इंतजार में स्टेशन के बाहर था। वहीं ट्रेन आने के समय सवारी ले जाने के लिए ऑटो को निकाल रहा था। तभी रात करीब 9 बजे उसके पास दो लड़के आए और रेलवे स्टेशन से पुसौर के ग्राम रूचिदा तक ले जाने के लिए 700 रुपए में उसकी ऑटो को बुक किए। इसके बाद विजय ग्राम रूचिदा पहुंचा तो दोनों लड़के ऑटो को कुछ दूर आगे ले जाने को बोले। इसके बाद सुनसान जगह पर ऑटो को रूकवा कर अचानक विजय के सिर पर बीयर की बोतल और टांगी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी विजय के पास रखे 500 रुपए नकद और उसके मोबाइल को लूट लिए और उसी की मोबाइल से उसका लहुलूहान हालत में वीडियो बनाए। इसके बाद उक्त वीडियो को विजय के ही मोबाइल से उसके भाई नंबर पर भेज कर एक लाख रुपए फिरौती की मांग करने लगे। नहीं देने पर विजय को जान से मारने की धमकी देने लगे। इसके बाद विजय के भाई ने ऑटो चालक संघ के सदस्यों की मदद ली और सभी रूचिदा पहुंचे। जिन्हें आता देख आरोपी विजय को उसके गमछे में बांध कर खेत के पास ऑटो में छोड़ कर चले गए। इसके बाद विजय के परिजन उसे लेकर रात में ही कोतवाली थाना पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराया। सुबह पुलिस की टीम ने दोनों आरोपियों को धर दबोचा।

### फुटेज और मोबाइल लोकेशन से पकड़ाए आरोपी

घटना की सूचना पाकर और वीडियो देखने के बाद रायगढ़ पुलिस में हड़कंप मच गया। रात में ही पुलिस की टीम एक्टिव मोड पर आ गई थी। इसके बाद रेलवे स्टेशन से आरोपियों का फुटेज निकाला गया। फिर साइबर सेल, कोतवाली व पुसौर पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई। फुटेज में आरोपी के चेहरे पहचान में आ गए थे, वहीं उनके द्वारा लूटे गए मोबाइल का लोकेशन भी लिटाईपाली गांव में दिख रहा था। ऐसे में सुबह टीम लिटाईपाली गांव पहुंची और मुख्य आरोपी प्रकाश सिदार पिता खेमराज सिदार (25) को पकड़ लिया। जिसने अपना जुर्म कबूलते हुए इस वारदात में गांव के ही एक नाबालिग को शामिल होना बताया। इसके बाद पुलिस ने उसे भी पकड़ लिया। कोतवाली थाना में शून्य में अपराध दर्ज कर डायरी पुसौर थाना भेजने पर आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर भेज दिया गया है।

### पहले से ही बना लिए थे पूरी घटना की प्लानिंग

इस वारदात का मास्टर माइंड प्रकाश सिदार है। बदमाश प्रवृत्ति का प्रकाश अक्सर मारपीट, गुंडागर्दी करता रहता है। इसकी पुसौर थाने में शिकायत भी होती रहती है। वह पूर्व में मारपीट का आरोपी भी रहा है। कुछ काम धंधा नहीं करने से उसके पास रुपयों की किल्लत रहती थी। इसलिए उसने कुछ दिन पहले ही ऑटो चालक को लूटने का प्लान बनाते हुए इसमें गांव के नाबालिग को शामिल किया था। प्रकाश का मानना था कि ऑटो चालकों के पास अक्सर सवारी के पैसे होते हैं और वो रात में भी कहीं भी जाने को तैयार हो जाते हैं। इसीलिए वो बुधवार को गांव से बस में बैठ कर दोपहर 2 बजे रायगढ़ पहुंचे। इसके बाद दिनभर रायगढ़ रेलवे स्टेशन में गुजारे। वहीं रात में ट्रेन आने पर ऑटो चालक विजय के पास ऐसे पहुंचे जैसे ट्रेन से उतरे हो और फिर चालक को अपने साथ ले जाकर घटना को अंजाम दिए। ऐसा नहीं है कि आरोपियों के टारगेट में सिर्फ विजय ही था, वो किसी न किसी ऑटो चालक को अपने साथ ले जाने के फिराक में ही आए थे।

### अघोर आश्रम में डेढ़ माह तक निःशुल्क कोचिंग

**रायगढ़।** ग्रीष्म कालीन अवकाश के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत दसवीं बारहवीं छात्र छात्राओं को प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करियर गाइड हेतु मोटिवेट करने के लिए अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के तत्वाधान में निःशुल्क ग्रीष्मकालीन कोचिंग का आज वरिष्ठ व्याख्याताओं के कर कमलों से पूज्य अघोरेश्वर के तैल चित्र की विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया है। गतवर्ष 5 मई को शुभारंभ यह निःशुल्क कोचिंग चालीस दिनों तक चली थी, यह कोचिंग का दूसरा वर्ष है। 35 वर्षों से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुट मिल में अंग्रेजी के व्याख्याता राम गोपाल शुक्ला ने शुभारंभ के दौरान छात्र छात्राओं को कहा इस कोचिंग का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में निवास रत छात्र छात्राओं को विशिष्ट एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा कठिन विषयों पर उचित मार्ग दर्शन दिया जाएगा ताकि वे 10 एवं बारहवीं कक्षा के साथ साथ प्रवेश परीक्षा की तैयारी के भी काम आ सके। पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी की प्रेरणा से बच्चों की नींव मजबूत होगी तो उनका भविष्य संवर जाएगा। अघोरेश्वर भगवान विद्या मंदिर में पिछले 35 सालों से सेवाएं देने वाले अंग्रेजी के व्याख्याता एन एल भंडारी ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में यह संस्थान शिक्षा के साथ साथ नैतिक पक्ष को भी मजबूत बना रहा है। पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी के मार्गदर्शन में गर्मी अवकाश में निःशुल्क कोचिंग की शुरुआत की गई ताकि छुट्टी का सदुपयोग हो और बच्चे भविष्य के लिए स्वयं को तैयार कर सके। इस कोचिंग में गणित अंग्रेजी भौतिक रसायन जीव विज्ञान के विशेषज्ञ शिक्षक अपनी सेवाएं देंगे ताकि इन कठिन विषयों को लेकर छात्र छात्रा अपना संशय दूर कर सके।

## गोमर्डा में दिखा 28 हाथियों का दल पानी पीते, खेलते नजर आए शावक

**कक्ष क्रमांक 998 आरएफ में कर रहे विचरण, हाथियों पर रखी जा रही निगरानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

इन दिनों गोमर्डा अभ्यारण्य के कक्ष क्रमांक 998 आरएफ में 28 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दल पानी पीने के लिए एक टंकी के पास पहुंचा था। इस दौरान कुछ हाथी शावक पहले पानी पीने के लिए एक दूसरे को सूंड से धकेलते हुए खेलते नजर आए।

जानकारी के अनुसार उक्त वीडियो सारंगढ़ जिला के गोमर्डा अभ्यारण्य के बरमकेला रेंज का है। हाथियों का दल दैय्यन परिसर 1004 आरएफ में बने पानी के टंकी में पानी पीने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान बड़े हाथी पहले पानी पीने के लिए आगे थे और शावक पीछे खड़े देखे गए। कुछ हाथी पहले टंकी पहुंचने के लिए एक दूसरे को सूंड से धकेलने लगे। बताया जा रहा है कि हर दिन हाथी शाम होते ही पानी के लिए यहां पहुंच रहे हैं और अपनी प्यास बुझा रहे हैं।



### बरमकेला और सारंगढ़ रेंज में करते हैं विचरण

27 हाथियों का दल करीब 2 सालों से गोमर्डा अभ्यारण्य के जंगल में डेरा डाले हुए हैं। एक हाथी के और आ जाने के बाद इनकी संख्या 28 हो गई है। बताया जा रहा है कि यह दल अक्सर अभ्यारण्य के बरमकेला व सारंगढ़ रेंज में विचरण करते हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से लगातार बरमकेला रेंज में ही इनकी मौजूदगी है।

### ग्रामीणों को जंगल की ओर जाने से मनाही

वन विभाग के अधिकारियों की मानें तो पानी पीने के लिए हर दिन 28 हाथी का दल यहां आता है। इन पर लगातार निगरानी की जा रही है। हाथी कक्ष क्रमांक 998 आरएफ में विचरण कर रहे हैं। अभ्यारण्य के लुरका, दबगांव, पठारिपाली, खम्हारपाली, नावापाली व माजरमाती गांव में मुनादी कराई गई है। वहीं ग्रामीणों को जंगल की ओर जाने से मना किया गया है।

## जिंदल के गेट नंबर-2 के सामने इको वाहन की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जिंदल के गेट नंबर 2 के सामने मारुति इको वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मृतक जिंदल के मार्केटिंग कंपनी का प्यून था, वहीं ड्यूटी कर सायकल से निकल रहा था था। तभी बेकाबू मारुति इको वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। फिलहाल घटना की सूचना पर कोतरारोड पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

- कोतरारोड थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

मृतक पंकज दास पिता कन्हैया लाल दास (43) मूलतः पश्चिम बंगाल के पश्चिम मिदनापुर जिलान्तर्गत रामनगर के केंदुआ गांव में रहता था। वहीं कुछ सालों से रायगढ़ के जिंदल स्टील एंड पावर कंपनी के मार्केटिंग कंपनी में प्यून का काम करता था और वहीं रहता था। पंकज बीती रात करीब 8 बजे जिंदल के गेट नंबर 2 से सायकल लेकर निकला था। तभी अचानक एक मारुति इको वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पंकज को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में पंकज के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई थी। घटना के बाद जिंदल के सिक्यूरिटी गाड्र्स मौके पर पहुंचे और घायल को जिदंल अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरा उसकी मौत हो गई। गुरुवार की सुबह पुलिस द्वारा जिला अस्पताल में मृतक का पीएम कराया गया, वहीं पीएम के बाद मृतक के परिजनों को उसका शव अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है। इधर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



### घरघोड़ा हादसे में युवक ने गंवाई जान

घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत भी भारी वाहन की टक्कर से एक युवक की अकाल मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बोकरामुड़ा सक्ती निवासी शिव सिंह कंवर पिता फूल सिंह कंवर सीजीसीएसपीएल के कटंगडीह में डाटा एंट्री ऑपरेटर का काम करता था। काम करके वह बाइक से वह घरघोड़ा लौट रहा था तभी एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने शिव को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में युवक बाइक सहित वाहन के पहियों में फंस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने ट्रेलर वाहन को जब्त कर लिया है। वहीं आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## 1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

# पूर्व महापौर के घर कांग्रेसियों ने मनाया बोरे बासी तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

1 मई को पूरे देश में मजदूर दिवस मनाया गया तो वहीं दूसरी तरफ रायगढ़ में पूर्व महापौर जानकी काटजू के घर कांग्रेस नेताओं ने इस परंपरा को निभाते हुए बोरे बासी तिहार मनाया।

दरअसल छत्तीसगढ़ की मिट्टी से जुड़ा बोरे बासी अब एक सांस्कृतिक प्रतीक के साथ-साथ राजनीतिक बयानबाजी का मुद्दा भी बनता जा रहा है। कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा, तो वहीं भाजपा ने कांग्रेस पर दिखावे की राजनीति करने का आरोप लगाया है। जिससे छत्तीसगढ़ की पारंपरिक डिश बोरे बासी एक बार फिर चर्चा में है। रायगढ़ में मजदूर दिवस के मौके पर कांग्रेस नेताओं ने इसे बोरे बासी दिवस के रूप में मनाया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस नेता पूर्व महापौर जानकी काटजू के निवास पर एकत्र हुए और बोरे बासी खाकर मजदूर दिवस मनाया। कांग्रेस का कहना है कि भूपेश बघेल ने बोरे बासी को एक सांस्कृतिक प्रतीक बनाया था जो मजदूरों के सम्मान से जुड़ा है। भाजपा इसे सिर्फ राजनीतिक चश्मे से देखती है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को खत्म करने की कोशिश हो रही है। जिसे हम आगे बढ़ा रहे हैं।



### कांग्रेस भवन में भी बोरे बासी का आयोजन

जिला कांग्रेस भवन रायगढ़ में 1 मई श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों को गमछा पहनाकर सम्मान किया गया और बोरे बासी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने कहा कि श्रमिक दिवस मजदूरों की एकजुटता, सामाजिक न्याय और श्रमिकों के अधिकारों के लिए निरंतर से संघर्ष का एक सशक्त प्रतीक बन गया है। इसके साथ ही मजदूरों के अधिकारों के प्रति आम लोगों और खुद मजदूरों में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जाता है।

### पूर्व महापौर ने भाजपा पर लगाया आरोप

पूर्व महापौर जानकी काटजू ने भी भाजपा सरकार पर बोरे बासी आयोजन को रोकने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि जब वे महापौर थीं तब नगर निगम हर साल इस पर आयोजन करता था। लेकिन अब भाजपा सरकार की इस परंपरा को लेकर कोई नीयत नहीं है।

### भाजपा ने किया पलटवार

वहीं भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि बोरे बासी छत्तीसगढ़ की आम दिनचर्या का हिस्सा है। और इसे राजनीतिक मुद्दा बनाना कांग्रेस की दिखावे की राजनीति है। हमने भी बोरे बासी खाया लेकिन कैमरों के सामने नहीं। कांग्रेसी एसी कमरे में बैठकर बोरे बासी खा रहे हैं और इसे मजदूरों से जोड़ रहे हैं।

### भूपेश सरकार में बना था बड़ा सोशल मीडिया ट्रेंड

बोरे बासी दिवस का चलन 2020 के बाद तब शुरू हुआ जब भूपेश बघेल सरकार में इसे व्यापक स्तर पर मनाया गया। यह एक तरह से सोशल मीडिया कैम्पेन था, जिसने बोरे बासी को छत्तीसगढ़ की अस्मिता से जोड़ दिया। तब इसे बड़े सम्मान के साथ मनाया गया था और इसे मजदूरों के भोजन के प्रतीक के रूप में स्थापित करने की कोशिश हुई थी। इस दौरान तब न केवल मंत्री, विधायक बल्कि आईएएस, आईपीएस अधिकारियों तक ने बोरे बासी खाते हुए अपनी तस्वीरें शेयर की थीं।

## डीजल की अफरा-तफरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** छाल पुलिस ने बुधवार की रात रूप से डीजल की अवैध तस्करी में जुटे गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को धर दबोचा है। मौके से 190 लीटर डीजल जब्त किया गया गया। जिसकी बाजार में कीमत करीब 17860 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 287, 112 बीएनएस के साथ-साथ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की गई है।

दरअसल बुधवार देर रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम हाटी से धरमजयगढ़ मुख्य मार्ग पर ढोडीखार के पास कुछ लोग संगठित होकर ज्वलनशील पदार्थ डीजल का अवैध भंडारण और वितरण कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां तीन व्यक्ति संदिग्ध परिस्थिति में मिले। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम राजेश साव पिता कृष्ण साव निवासी सिथरा, सोनु कुमार यादव पिता मिश्री प्रसाद यादव निवासी हाटी व विजय कुमार साव पिता कृष्ण साव निवासी हाटी बताया। तीनों के पास से कुल 190 लीटर डीजल बरामद किया गया, जिसके संबंध में उनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं था। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना छाल में संगठित अपराध की धाराओं और ईसी एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत मामला दर्ज कर उन्हें रिमांड पर भेज दिया है।



## खबर संक्षेप

### सारंगढ़ में लर्निंग लाइसेंस शिविर आज

**सारंगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर विभिन्न विभागों द्वारा लोक जनकल्याणकारी शिविर, अभियान आदि का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित आवेदनों के निराकरण करने हेतु सारंगढ़ में 2 मई को कल्याणी परिवहन सुविधा केन्द्र बनियापारा सारंगढ़ में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया है। इच्छुक नागरिक आयु प्रमाण पत्र आधार कार्ड एवं निवास प्रमाण पत्र लेकर लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं।

### एडीईओ भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**सारंगढ़।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी ;एडीईओद्ध के 200 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया हैए जिसमें 193 रिक्त एवं 7 बैकलॉग शामिल है। इस पद के लिए अभ्यर्थी को स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए। ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर को प्राथमिकता दी जाएगी। सीजी व्यापम की वेबसाइट में 02 मई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय तपकरा में समर कैंप

**जशपुरनगर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तपकरा में पूर्व संसदीय सचिव भरत साय की उपस्थिति में समर कैंप का उदघाटन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक और छात्रगण उपस्थित थे। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्डों में ग्रीष्म कालीन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों को कैंप के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों में जोड़ा जा रहा है। बच्चें अपने रूचि के अनुसार विभिन्न खेल विधाओं और प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। कैंप में बच्चों को अपनी-अपनी हुनर और प्रतिभाओं को दिखाने का एक अच्छा मौका मिल रहा है। बच्चे बड़े उत्साह के साथ कैंप में भाग ले रहे हैं।

### महिलाओं को आजीविका मूलक गतिविधियों में जोड़ने के निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को दुलदुला ग्राम पंचायत में प्रिया स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा प्लास्टिक बेलिग मशीन के माध्यम से प्लास्टिक का एकत्रीकरण करके डिस्पोज किया जा रहा है। इन गतिविधियां की जानकारी ली। इस अवसर पर कुनकुरी एसडीएम नन्द जी पांडे तहसीलदार राहुल कौशिक और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने प्रिया स्व सहायता समूह की महिलाओं को अन्य आजीविका मूलक गतिविधियों में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। ताकि वे आर्थिक रूप से सक्षम हो सके स्व सहायता समूह की महिलाओं ने दोनों पत्तल चप्पल निर्माण कार्य करने की इच्छा जाहिर की जिस पर कलेक्टर ने समूह को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं।

### पेड़ से टकराया बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम कुंदी में बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे मौत हो गई । राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम मूनूवा निवासी सुनील कोड़ाकू आ. थोलमा कोडाकू (18 वर्ष) गत दिन किस काम के सिलसिले में ग्राम पकडारी गया था। युवक बाइक से अकेले घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम कुंदी के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक मौके पर ही अचेत हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका घायल

**बतौली/सेदम।** स्कूल जा रही शिक्षिका को घुटरापारा के समीप पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में शिक्षिका गंभीर से घायल हो गए। बतौली के भण्डारडांड़ प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका साधना कुजूर सुबह 9.30 बजे स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डी ए 2285 से स्कूल जा रही थी।

# धर्मनगरी में परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

धर्मनगरी में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। विप्र विकास परिषद कोतबा के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया और परशुराम जयंती पर निकली शोभा यात्रा का स्वागत नागरिकों के द्वारा जगह जगह जलपान कराते हुए स्वागत किया गया।

■ हवन पूजन महाआरती सुन्दरकाण्ड पाठ सहित विभिन्न आयोजन कर धूमधाम से मनाया गया प्राकट्योत्सव

कार्यक्रम में ब्राम्हण समाज कोतबा एवं क्षेत्र के विप्रजनो की उपस्थिति बड़ी संख्या में रही। बुधवार सुबह ब्राम्हण समाज के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर अनुष्ठान में हिस्सा लिया।सुबह से ही कार्यक्रम की शुरुआत कर संत समाज गहिरा गुरु आश्रम कोतबा के यज्ञशाला भवन में सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया जिसके बाद 10 बजे से तपकरा से पधारे यज्ञाचार्य प्रशांत शर्मा के द्वारा भगवान परशुराम जी का विधिविधान से अभिषेक पूजन हवन यज्ञ कार्य संपन्न कराया गया। महायज्ञ में विप्रविकास परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा व तरुण शर्मा सपत्नी यजमान रहे। महायज्ञ पश्चात महाआरती की गई। जिसमें समस्त विप्रजनों की उपस्थिति रही। जिसके बाद शाम 5 बजे से नगर में भगवान परशुराम जी का विप्र समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में महिला, पुरूष सहित बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हुए। युवाओं ने हाथों फरसा लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए ।आतिशबाजी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में परशुरामजी की आकर्षक झाँकी भी शामिल थी। जिनके उपर भी फुलों की बरसात की गई। यात्रा में विप्रो ने जमकर जयकारे भी लगाए और शक्ति प्रदर्शन किया। यात्रा के दौरान कई स्थानों पर स्थानीय लोगों के द्वारा फुल बरसाते हुए स्वागत किया गया। साथ ही समाजिक संगठनों के द्वारा पेयजल ठण्डा एंव शर्बत आदि की भी व्यवस्था की गई थी। शोभा यात्रा यज्ञशाला भवन से प्रारंभ होकर परशुराम चौक पहुंची जहाँ शोभायात्रा में शामिल सभी विप्रजनों का चंदन तिलक किंया गया। जिसके बाद शोभायात्रा से बस स्टैंड हनुमान मंदिर चौक,कारगिल चौक होते हुए नगर भ्रमण कर पुनः बस स्टैण्ड से राम मंदिर पारा होते हुए भगवान परशुराम चौक पहुँची जहाँ भगवान की मूर्ति पूजन कर महाआरती की गई जिसके बाद यज्ञशाला भवन में शोभायात्रा का समापन किया गया। जहां सभी विप्र जनों सहित सभी ने भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की गई थी।जिसमे सभी सामाजिक जनों ने सपरिवार प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान सवामणी महाप्रसादी भोग का वितरण भी पूरे नगर में किया गया। कार्यक्रम के समापन पश्चात विप्र विकास परिषद कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने समाज के सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। समाज के कार्यकारी अध्यक्ष ने प्रेरणामयी में उद्बोधन समाज को एकजुट रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि युवाओं के उपर समाज को दिशा देने की बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में योगेंद्र शर्मा,सुखीराम शर्मा,केशर शर्मा सुमित शर्मा,सुनील शर्मा,पंकज शर्मा,बसंत शर्मा,संतोष शर्मा, मयंक शर्मा,संदीप शर्मा,पवन शर्मा, कन्हैया लाल शर्मा, संरक्षक अशोक(मदन) शर्मा, संरक्षक नरसिंह शर्मा,संरक्षक गणेश शर्मा,दीनबंधु शर्मा,बालकिशन शर्मा,योगेश शर्मा,शिवकुमार शर्मा,सुदामा शर्मा,धीरज शर्मा,महेन्द्र शर्मा,बजरंग शर्मा,पंकज शर्मा,जयंत शर्मा,आनंद शर्मा,कमल शर्मा,शुभम शर्मा,राजेन्द्र अवस्थी, दिपक शर्मा,अमन शर्मा,जीनु शर्मा,अजय शर्मा,अविषेक शर्मा,दीपक शर्मा,हेमंत शर्मा,नवीन शर्मा,गुड्डु शर्मा,लल्ला शर्मा,सुनील शर्मा,पीयूष शर्मा, रमेश शर्मा ,तरुण शर्मा,प्रथम शर्मा,प्रवीण शर्मा, राजेन्द्र शर्मा,रामलाल शर्मा,बागबहार से रवि शर्मा,बाबूसाजबहार से देवमणी पाण्डेय, पेटामारा से अविनाश अवस्थी के साथ समाज की महिलाएं भी भारी संख्या में सम्मिलित हुए सभी का सराहनीय योगदान रहा।



शोभायात्रा में शामिल विधायक गोमती साय ने हाथ में उठाया फरसा।



शोभायात्रा की मनमोहक झांकी।

**विधायक ने शोभायात्रा में उठाया फरसा:** पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय ने कोतबा में आयोजित भगवान श्री परशुरामजी की शोभायात्रा देख वाहन से उतर कर शोभायात्रा में सम्मिलित हुई उन्होंने समाज के सभी ब्राम्हणों को परशुराम प्रकटोत्सव की शुभकामनाएं दे कर भगवान परशुराम जी का आशीर्वाद लिया। रैली में भगवान परशुरामजी के प्रमुख अश्त्र फरसा लेकर उन्होंने कहा कि पाप के सर्वनाश के लिए भगवान परशुराम ने अपना फरसा उठाया था। आज उनके आशीर्वाद मिलने से अभिभूत हु।

### अक्षय तृतीया पर जिला अस्पताल में मरीजों को पिलाया गया गन्ने का रस

**जशपुरनगर।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जिला अस्पताल में मानव सेवा का अनुपम उदाहरण देखने को मिला। जय जिनेन्द्र ग्रुप द्वारा आयोजित सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पताल में भर्ती बच्चों, महिलाओं, पुरुषों सहित सभी मरीजों और सेवा कर्मियों को शुद्ध गन्ने का रस पिलाया गया। गर्मी के इस मौसम में गन्ने के रस ने सभी को राहत और ताजगी प्रदान की।इस पुनीत कार्य में ग्रुप की सदस्य कुमुद काला, ऋद्धि पांड्या, खुशबू काला, ज्योति पाटनी, मेघा पाटनी, रुचि गंगवाल, बिंदिया बड़जात्या, साक्षी पाटोदी, ईशा गंगवाल, स्वाति काला, प्रीति पाटोदी सौम्या पांड्या, नेहा पाटोदी और पिंकी बड़जात्या ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## टक्कर मारने के बाद पलटा ट्रक

# पत्थलगांव में ट्रक की टक्कर से मोपेड सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

लुडेग त्रिकुटी के पास कटनी गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर एक ट्रक ने मोपेड को ठोकर मार दी। इस दौरान ट्रक की चपेट में आने से मोपेड चला रहे ग्रामीण की मोके पर ही मौत हो गई। घटना पत्थलगांव थानाक्षेत्र अंतर्गत लुड़ेग में निर्माणाधीन पुलिया के समीप बताई जा रही है।

मिली जानकारी अनुसार जशपुर की ओर से आ रही ट्रक क्रमांक एनएल 01N 1835 ने सामने से आ रहे मोपेड सवार व्यक्ति को अपने चपेट में ले लिया। इस हादसे में व्यक्ति का सिर बुरी तरह कुचल गया है जिससे कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान उमेश बंजारा निवासी कोतबा के रूप में की गई है। ठोकर मारने के बाद ट्रक सड़क पर पलट गया। बुधवार को ही पत्थलगांव में एक सड़क हादसे में 10 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हुई थी। इस तरह लगातार हो रहे हादसों के बावजूद लोग अपनी वाहनों के रफ्तार कम नहीं कर रहे हैं शायद यही वजह है कि आये दिन ऐसे हादसे सामने आ रहे है। घटना के बाद पुलिस मौके पे पहुंच कर आगे की कार्रवाई करने में जुटी है। थाना प्रभारी विनीत पांडे ने बताया कि लुडेग के पास एक ट्रक ने मोपेड सवार को टक्कर मार दिया जिससे मोपेड चला रहे व्यक्ति कोतबा निवासी उमेश बंजारा की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को जानकारी मिलते ही मौके पे पहुचकर अपनी जांच शुरू कर दी है।



मौके पर पड़ा शव।



सड़क किनारे पड़ा मोपेड।

# सुहागरात की रात सनकी प्रेमी ने दुल्हन पर किया जानलेवा हमला, 29 टांके लगे

**जशपुरनगर।** शादी का जश्न मातम में तब्दील हो गया जब कोतबा चौकी के भेलवाटोली गांव की नई नवेली दुल्हन पर उसके पुराने प्रेमी ने खौफनाक हमला कर दिया। घटना मंगलवार रात कोतबा चौकी क्षेत्र की है, जहां प्रेम सिदार से शादी के बाद अपनी ससुराल में पहली रात बिता रही दुल्हन पर नूतन सिदार नामक युवक ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि नूतन सिदार दुल्हन का पूर्व प्रेमी था और उसकी शादी से नाराज था। गुस्से में आकर वह रात के अंधेरे में चुपचाप प्रेमिका के ससुराल में घुस गया और सुहागरात की तैयारियों में लगी दुल्हन पर अचानक वार कर दिया। हमले में दुल्हन के दोनों हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गए। डॉक्टरों के अनुसार उसके हाथों में कुल 29 टांके आए हैं। परिजनों ने घायल अवस्था में उसे तुरंत कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। कोतबा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। गांव में इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद भय और आक्रोश का माहौल है। पुलिस इस पूरे मामले की बारिकी से जांच कर रही है।

■ घायल दुल्हन को उपचार के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती



### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अम्बिकापुर।** गांव में बारात देखने जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम खड़िया निवासी बीनू आ. उटा राम (23 वर्ष) गत दिन गांव में बारात आने पर बाइक से अकेले देखने जा रहा था। जैसे ही युवक पुलिया के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बगिया में मिनी स्टेडियम और साइंस पार्क बनाने स्थल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को कांसाबेल विकास खंड के ग्राम बगिया गौठान और आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया और साइंस पार्क, मिनी स्टेडियम बनाने के लिए स्थल का अवलोकन किया। इस अवसर पर कुनकुरी एसडीएम नन्द जी पांडे डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा और आकाश गुप्ता उपस्थित थे। कलेक्टर ने बगिया में मिनी स्टेडियम बनाने और साइंस पार्क बनाने के चिन्हांकित स्थल का निरीक्षण करके अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते उन्होंने कहा कि बच्चों को विज्ञान विषयों के प्रति रुचि जगाने और विषय वस्तु की बेहतर जानकारी देने के लिए साइंस पार्क का अच्छा अनुभव होगा।

# हीरक जयंती पर स्काउट गाइड्स की भव्य साइकिल रैली

**सारंगढ़।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना के 75वें हीरक जयंती वर्ष के अवसर पर सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिला संघ द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने हेतु एक भव्य साइकिल संदेश रैली का आयोजन किया गया।

यह रैली प्रातः 7 बजे सरसीवां बस स्टैंड से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पेंड्रावन स्थित नर्सरी में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन में तथा जिला मुख्य आयुक्त अजय गोपाल एवं पदेन जिला आयुक्त व जिला शिक्षा अधिकारी एलपी पटेल के मार्गदर्शन में किया गया। जिला आयुक्त द्वारा फीता काटकर व जिला मुख्य आयुक्त द्वारा हरी झंडी दिखाकर अतिथियों के साथ रैली की शुभारंभ की गई आयोजन को एक प्रेरणादायक जन जागरूकता अभियान के रूप में दिशा प्रदान की गई। करीब 5 किलोमीटर लंबी इस साइकिल रैली में जिले भर के सीनियर स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने बैनर, पोस्टर, तख्तियों, पाम्पलेट्स और साउंड सिस्टम के माध्यम से गूंजते नारों के साथ नगरवासियों को पर्यावरण व जल संरक्षण का संदेश दिया। रैली की विशेष बात यह रही कि जनप्रतिनिधियों और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी साइकिल चलाकर सहभागिता निभाई। नर्सरी परिसर में प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन करते हुए उन्होंने पर्यावरण सरंक्षण पर प्रेरक विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायतअध्यक्ष प्रतिनिधि सुमेश बंजारे, सुभाष जालान, आजीवन सदस्य कान्हा अग्रवाल, झाडूराम साहू,पार्षद श्यामू पांडे एवं बद्री, समाजसेवी संतोष शर्मा एवं सुनील शर्मा, जिला सचिव डॉ. पूनम सिंह साहू, संयुक्त जिला सचिव गुणवती साहू, जिला संगठन आयुक्त लिंगराज पटेल एवं जिला संगठन आयुक्त गाइड धात्री नायक, जिला प्रशिक्षण आयुक्त शंकर लाल साहू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त मीना जांगड़े, सहायक जिला संगठन आयुक्त भागवत प्रसाद साहू मुख्यालय आयुक्त पवन कुमार नायक, विकासखंड सचिव सारंगढ़ कन्हैया लाल लहरे तथा विकासखंड सचिव बिलाईगढ़ हेतराम चेलक, ओंकारेश्वर श्रीवानी, कलेश्वर साहू, अनीता महिष हायर सेकंडरी स्कूल पेंड्रावन प्राचार्य के साथ समस्त स्टाफ कन्या शाला के प्राचार्य सेजश सरसीवां के प्राचार्य के सहित जिले के समस्त स्काउट गाइडर्स, रोवर्स रेंजर्स एवं स्काउट्स गाइड्स उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की गौरवशाली परंपरा को सम्मानित करता है, बल्कि पर्यावरण एवं जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जनसहभागिता और संवेदनशीलता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास के रूप में उदाहरण प्रस्तुत करता है।



## ऑपरेशन शंखनाद पुलिस ने 6 गौ-वंशों को कराया मुक्त, फरार तस्कर चढ़ा हत्थे

# तीन साल से फरार गौ मांस तस्कर ओडिसा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ऑपरेशन शंखनाद के तहत पुलिस गौ-मांस के फरार तस्कर इमरान को उड़ीसा से ढूंढ लाई है। साथ ही 6 नग गौ वंशों को भी मुक्त कराने में सफल रही। मामला कुनकुरी व थाना लोदाम क्षेत्र की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस न सिर्फ गौ वंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त करा रही है, बल्कि तस्करी में संलिप्त फरार तस्करों की गिरफ्तारी हेतु भी विशेष अभियान चला रही है। इसी के तहत गौ मांस बिक्री के मामले में तीन वर्षों से फरार चल रहे आरोपी इमरान को कुनकुरी पुलिस उड़ीसा से हिरासत में लिया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कुनकुरी क्षेत्र में वर्ष 2022 में पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सुपर स्प्लेंडर मोटर साइकल क्रमांक सीजी 14 एमएल 5713 में एक काले रंग के बैग में गौ मांस को लेकर बिक्री करने की नियत से ग्राम बनडेगा(उड़ीसा) से ग्राम बरांगजोर, थाना कुनकुरी क्षेत्र में सिलबेरियूस खेस्स के घर आया था। ग्रामीणों को मामले की जानकारी होने पर आरोपी गौ मांस से भरी बैग को छोड़ कर फरार हो गया था। पुलिस ने वर्ष 2022 में ही आरोपी सिलबेरियूस खेस्स को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था, व गौ मांस को भी जब्त कर लिया था। आरोपी सिलबेरियूस खेस्स की निशान देही पर फरार आरोपी को इमरान उर्फ इब्राहिम पिता गुलाम मुस्तफा, उम्र 30 वर्ष, निवासी बनडेगा, थाना तलसरा (उड़ीसा) के रूप में कर चिन्हित लिया गया था ।आरोपी इमरान उर्फ इब्राहम घटना दिनांक से फरार था। पुलिस द्वारा उसकी लगातार पतासाजी की जा रही थी। 30 अप्रैल 25 को मुखबिर की सूचना व पुलिस की टेक्निकल टीम की मदद से आरोपी इमरान उर्फ इब्राहम के अपने घर बनडेगा में होना पता चलने पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम बनडेगा थाना तलसारा (उड़ीसा) से घेराबंदी कर फरार आरोपी को हिरासत में लेकर वापस लेकर वापस लाई है। पुलिस द्वारा आरोपी इमरान उर्फ इब्राहम के कब्जे से गौ मांस परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकल क्रमांक सीजी 14 एमएल 5713 को भी जब्त कर लिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### आरोपी भेजा गया जेल

आरोपी इमरान उर्फ इब्राहिम पिता गुलाम मुस्तफा, उम्र 30 वर्ष, निवासी बनडेगा, थाना तलसरा जिला सुंदरगढ़ (उड़िसा) के विरुद्ध छ. ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,5,10 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए, प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### 6 नग गौवंश को कराया मुक्त

थाना लोदाम पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कुछ व्यक्ति 6 नग गौ वंशों को बेरहमी पूर्वक मारते पीटते ग्राम कोनीबिरा साईं टांगर टोली होते हुए जंगल के रास्ते झारखंड की ओर ले जा रहे हैं। जिस पर लोदाम पुलिस द्वारा तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचना के संबंध में अवगत कराते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश में ग्राम कोनीबिरा रवाना होकर, मुखबिर के बताए अनुसार पाया कि कुछ व्यक्ति कोनबिरा बाला नदी के पास 6 नग गौ वंशों को बेरहमी पूर्वक मारते पीटते हांकते हुए ले जा रहे थे। आरोपी पुलिस को आती देख जंगल का फायदा उठा कर फरार हो गए। पुलिस द्वारा मौके से 6 नग गौ वंशों को सकुशल बरामद कर लिया गया है व फरार आरोपियों की पता साजी की जा रही है। जिन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी खुला रहेगा जिला ग्रंथालय

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार छात्रों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी सहित अन्य पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जिला ग्रंथालय ग्रीष्म कालीन आवकाश में भी खुले रहेगें। आदेशानुसार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने ग्रंथालय जशपुर में पालीवार ड्यूटी करने हेतु 12 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए हैं।

■ प्रात: 5 से रात्रि 11 बजे तक तीन पालियों में ग्रंथालय खोलने लगाई गई है कर्मचारी ड्यूटी

बीईओ से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्रंथालय ग्रीष्म काल में प्रातः 5 से रात्रि 11 बजे तक खुला रहेगा। इस हेतु तीन पाली में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें प्रथम पाली में प्रातः 5 से 11 बजे तक शासकीय उ.मा.वि. पतराटोली के सहायक ग्रेड-03 श्री नवनीत एक्का, शा.हाईस्कूल पैंकू के सहायक ग्रेड-03 श्री ओम प्रकाश बाघव, शा.हाईस्कूल सिटोंगा के भृत्य श्री श्रणव राम और शा.पूर्व.मा.शा. पतराटोली के भृत्य श्री सक्ती भगत ड्यूटी करेगें। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 11 बजे से 5 बजे तक शा.हाईस्कूल लुईकोना के सहा.ग्रेड-03 श्रीमती अलका रानी, शा.हाईस्कूल सिटोंगा के सहा.ग्रेड-03 कु. सरिता भगत, शा.पू.मा.शा. बस्ता के भृत्य श्री उमेश कुमार शाहनी, शा.पू.मा.शा. लोखण्डी के भृत्य श्री मनीष कुजूर और तृतीय पाली में सायं 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक शा.हाई.लुईकोना के सह.ग्रेड-02 श्री निर्मल मिंज, शा.उ.मा.वि. लोखण्डी के सहा.ग्रेड-03 श्री अमित कुमार मांझी, शा.पू.मा.शा. अमेराटोली के भृत्य श्री मनसाय बंजुआ और शा.पू.मा.शा. जकबा के भृत्य श्री सतीश चौहान ड्यूटी करेगें।

1-MAY- Jash-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/1/2025 8:28 PM Page 1





# रणबीर को 'श्रीराम' के रूप में देखने के लिए हो जाइए तैयार

**मुंबई।** रणबीर कपूर इस वक्त सिर्फ एक ही फिल्म पर फोकस कर रहे हैं और वह है नितेश तिवारी की 'रामायण'। इस मूवी में उनके साथ मुख्य भूमिका में साईं पल्लवी नजर आने वाली है। जब इस माइथोलॉजिकल फिल्म 'रामायण' की शूटिंग शुरू हुई थी, तो फिल्म के सेट से कई फोटोज लीक हो गई थी। जिसके बाद मेकर्स ने फिल्म सिटी में शूट हो रही मूवी के सेट पर सिक्योरिटी और भी टाइट कर दी थी। नितेश तिवारी की ये फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। रणबीर कपूर 'श्रीराम' के रूप में कैसे लगेंगे ये जानने के लिए न जाने फैंस कब से बेकरार हैं। अब उनकी इस बेसब्री के बीच मेकर्स जल्द ही फिल्म का टीजर रिलीज करने के तैयारी में हैं।

## लाइफ Style

# पलक

## 2000 में से एक बंदा को किया डेट

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड की अभिनेत्री पलक तिवारी इन दिनों सुर्खियों में हैं। उनकी फिल्म 'द भूतनी' 1 मई को रिलीज होने वाली है। इसको लेकर वह चर्चा में हैं। फिल्म में संजय दत्त और मौनी रॉय भी हैं। पलक तिवारी इब्राहिम अली खान के साथ रिश्ते को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं।



दोनों ने साफ किया है कि वह सिर्फ दोस्त हैं। पलक तिवारी ने जूम से बातचीत में एक कहानी बताई है। उन्होंने एक लड़के के बारे में बताया जो उन्हें इंटरनेट पर मिला था। वह समझ रही थीं कि वह लड़का बहुत सुंदर है। पलक ने उसका पीछा किया। पलक ने एक लड़के के बारे में बताया जो उन्हें इंस्टाग्राम पर मिला था। पलक ने कहा 'मुझे लगता है सबसे अजीब चीज जो मैंने की वह यह थी कि मुझे सोशल मीडिया पर एक लड़का मिला। मुझे लगा कि वह सबसे खूबसूरत है। जब मैंने उस लड़के को देखा तो वह मुझे बहुत क्यूट लगा। फिर मैंने सोचा इसके बारे में पता करते हैं। मैं उसके बारे में कुछ नहीं जानती थी। यहां तक कि उसका नाम भी नहीं। मैंने उसे बस एक बार देखा और सोचा कि मुझे उसे ढूंढना है।' पलक ने कहा 'एक लड़के ने उस क्यूट लड़के की फोटो पोस्ट की लेकिन उसे टैग नहीं किया। वह लड़का 2000 लोगों को फॉलो कर रहा था। आप यकीन नहीं करेंगे लेकिन मैंने 2000 लोगों की प्रोफाइल चेक की, ताकि उस क्यूट लड़के को ढूंढ सकूं। मैंने उसकी फोटो अपने दोस्त को भेजी। मैं किसी के लिए ऐसा नहीं करती। लेकिन मैंने उस लड़के के लिए किया। हालांकि वह लड़का मिल गया।'

## हॉलीवुड मसाला



# हार्वे के खिलाफ हेली ने दी गवाही

**लॉस एंजिलिस।** न्यूयॉर्क की एक अदालत में मंगलवार को हार्वे वीनस्टीन के खिलाफ चल रहे मीटू मामले की दोबारा सुनवाई में मीरियम हेली ने अपनी गवाही दी। हेली ने कोर्ट में कहा कि वीनस्टीन ने जुलाई 2006 में उनके साथ जबरदस्ती यौन शोषण किया था। 47 वर्षीय हेली ने साफ कहा कि उनकी वीनस्टीन के प्रति कोई रोमांटिक या यौन रुचि नहीं थी। वह केवल काम की तलाश में उनसे मिली थीं। हेली ने अदालत से कहा कि कथित घटना से दो महीने पहले मई 2006 में वह फ्रांस के कान फिल्म फेस्टिवल में वीनस्टीन से मिली थीं।



# ग्रिंट के घर गूंजी किलकारी न्यूबॉर्न बेबी की पहली झलक

**लॉस एंजिलिस।** 'हैरी पॉटर' फेम ब्रिटिश एक्टर रूपर्ट ग्रिंट एक बार फिर पिता बन गए हैं। उनके घर नन्ही परी ने जन्म लिया है और इस खुशी को उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा किया। अपनी पोस्ट में रूपर्ट ने बेबी गर्ल की पहली झलक भी दिखाई और उसका प्यारा नाम भी रिवील कर दिया। जैसे ही यह खुशखबरी सामने आई, फैंस और सेलेब्स की तरफ से बधाइयों का तांता लग गया। बता दें, रूपर्ट ने साल 2020 में अपनी पार्टनर जॉर्जिया ग्रूम के साथ पहली बेटी का स्वागत किया था, जिसका नाम उन्होंने वेडनेसडे रखा था। रविवार को रूपर्ट ग्रिंट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर न्यूबॉर्न बेटी के आगमन की घोषणा की। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, "सीक्रेट बेबी का थोड़ा खुलासा कर रहा हूं। पेश है ग्रिंट फैमिली का नया मेंबर। 10/10 बेबी (अब तक)।



# अंकिता ने रद्द किया यूएसए शो...

**मुंबई।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया है। फिल्मी सितारों ने इस घटना की निंदी की है और वे इस मुश्किल घड़ी में घटना में मारे गए लोगों के परिवार के साथ खड़े हैं। देश के साथ खड़े हैं। इस घटना के बाद अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने अपना यूएसए शो कैंसिल कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी फैंस से साझा की है। अंकिता लोखंडे 'मिस एशिया नॉर्थ अमेरिका 2025' में हिस्सा लेने जाने वाली थीं। वे यहां बतौर अतिथि आमंत्रित की गई थीं और शो में विनर की क्राउनिंग सेरेमनी उन्हीं के हाथों होनी थी। मगर, पहलगाम में हुई दिल दहला देने वाली आतंकी घटना के बाद अंकिता लोखंडे ने अपना यूएसए शो कैंसिल कर दिया है।



# 'वन-फोर्स ऑफ..' में हुई एक्ट्रेस की एंट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी पौराणिक थ्रिलर फिल्म 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' को अब अपनी हीरोइन ऑफिशियली मिल गई है। मेकर्स की ओर से फिल्म की अभिनेत्री का ऐलान करते हुए, पहली झलक भी सोशल मीडिया पर साझा की गई है। अभिनेत्री को एक रहस्यमय नए अवतार में पेश करते हुए एक नया टीजर जारी किया गया है। हालांकि, अभिनेत्री का पूरा लुक अभी रिवील नहीं किया गया है। फिल्म के मेकर्स बालाजी मोशन पिक्चर्स की ओर से 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में हीरोइन की एंट्री की जानकारी दी गई। जिसमें ये साफ किया गया है कि अभिनेत्री तमन्ना भाटिया सिद्धार्थ मल्होत्रा की इस पौराणिक कथाओं पर आधारित फिल्म में नजर आएंगी। मेकर्स की ओर से तमन्ना का फिल्म में स्वागत किया गया है।

## टीवी मसाला

# शादी के 6 साल बाद पापा बनने वाले हैं रोहित

**मुंबई।** डेली सोप ये रिश्ता क्या कहलाता है में नजर आए अभिनेता रोहित पुरोहित बहुत जल्द पिता बनने वाले हैं। 30 अप्रैल को एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए कपल ने घोषणा की कि उनकी पत्नी अभिनेत्री-पत्नी शीना बजाज प्रेग्नेंट हैं। इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें दोनों मैचिंग पीच कलर के आउटफिट में नजर आ रहे हैं। शीना एक फ्लोरल गाउन में अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती नजर आईं,जबकि रोहित ने एक प्लेकार्ड पकड़ा हुआ है, जिस पर लिखा है, हमें उम्मीद है कि 2025 एक बेहतरीन साल होगा। वीडियो में रोहित भी शीना को गले लगाते और उनके बेबी बंप को सहलाते हैं। रोहित और शीना ने जैसे ही ये खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की लोग उन्हें बधाईयां देने लगे। अभिनेत्री पंखुड़ी अवस्थी रोडे ने लिखा, बधाई हो दोस्तों! आप दोनों को ढेर सारा प्यार। अभिनेत्री अनीता राज ने टिप्पणी की, "खूबसूरत जोड़े को बधाई। गुरुजी हमेशा आप सभी को भरपूर आशीर्वाद दें बहुत खुशी हुई।कपल ने 6 साल पहले डेटिंग के बाद 22 जनवरी 2019 को जयपुर में शादी की थी। अब शादी के 6 साल बाद उनके घर किलकारी गूंजने वाली है।



## राम कपूर ने फिर चौंकाया, घटाया 55 किलो वजन

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' फेम अभिनेता राम कपूर के अचानक हैवी वेट लॉस से उनके फैंस के बीच चिंता बढ़ गई थी। हाल ही में एक्टर ने अपने तस्वीरें साझा कर वजन संबंधी आ रही टिप्पणियों पर जवाब दिया है। हालांकि, आपको बतात चलें कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा जा रहा है कि एक्टर ने 18 महीनों के अंदर 55 किलो वजन घटाए हैं। आइए जानते हैं अभिनेता ने सोशल मीडिया पर क्या कहा? अभिनेता राम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं। इन तस्वीरों में एक्टर शर्टलेस नजर आ रहे हैं, जिसमें वह उत्साह से अपनी बॉडी को दिखाते नजर आ रहे हैं। शेयर की गई एक तस्वीरों में राम कपूर काला चश्मा लगाए हुए अजीबोगरीब रिएक्शन देते दिख रहे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में अभिनेता ने लिखा कि मेहनत अभी भी जारी है और लक्ष्य तक पहुंचने में अभी लंबा रास्ता तय करना है। साथ ही उन्होंने शर्टलेस तस्वीरों के लिए माफी भी मांगी। राम कपूर के इस पोस्ट पर फोटोग्राफर डब्बू रतनानी ने कमेंट किया, 'जब आप तैयार हो तो शूट का प्लान करें'।



# रिलीज हुआ बादशाह का नया गाना 'गलियों के गालिब'

**मुंबई।** गायक और रैपर बादशाह का नया गाना 'गलियों के गालिब' रिलीज हो चुका है। गाने में बादशाह डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। गाने में वह अपना सिग्नेचर स्टेप कर रहे हैं। बादशाह के नए वीडियो में देखा जा सकता है कि वह न सिर्फ गाना गा रहे हैं बल्कि लोगों के साथ झूम रहे हैं। पूरा गाना एक कहानी की शक्ल में है। यह पहली बार है जब बादशाह ने किसी गाने में इतना अच्छा डांस किया है।गाने में देखा जा सकता है कि बादशाह हुक स्टेप कर रहे हैं। उनका डांस सधा हुआ है। म्यूजिक पर उनके पैर थिरकते हैं। गाने का बैकग्राउंड और म्यूजिक जबरदस्त हैं। गाने में उन्होंने चश्मा लगाया है और अपने बालों का लुक भी बदला है जो उन पर काफी जच रहा है। एक जगह पर उन्होंने सोलों डांस किया है। उनके ऊपर एक लग्जरी कार लटक रही है। यह दृश्य काफी रोचक है।



## कान में मिलेगा निकोल को पुरस्कार

लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड अभिनेत्री निकोल किडमैन को कान फिल्म फेस्टिवल और केरिंग द्वारा वूमन इन मोशन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। निकोल किडमैन को यह अवॉर्ड दिया जाएगा, जिससे उनके फैंस बेहद खुश हैं। वूमन इन मोशन पुरस्कार उन महिलाओं को दिया जाता है, जो सिनेमा और समाज में महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाती हैं। पुरस्कार समारोह 18 मई को कान फेस्टिवल में होगा। किडमैन को महिला निर्देशकों के साथ काम करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए चुना गया है। उन्होंने 2017 में हर 18 महीने में एक महिला निर्देशक के साथ काम करने का वादा किया था और अब तक 20 से अधिक महिला निर्देशकों के साथ काम कर चुकी हैं। केरिंग के सीईओ फ्रेंकोइस-हेनरी पिनॉल्ट ने उनकी तारीफ की और कहा कि वह सिनेमा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का शानदार उदाहरण हैं। किडमैन ने इस सम्मान को "सच्चा सम्मान" बताया।



# आंध्र प्रदेश में बना साउथ अभिनेत्री का मंदिर...

**मुंबई।** साउथ अभिनेत्री उर्वशी रौतेला के बाद अब जानकारी आई है कि सामंथा रुथ प्रभु का भी मंदिर उनके एक फैन ने बनवाया है। दरअसल, यह मंदिर तो तीन साल पहले ही बन गया था, लेकिन अब यह बात सोशल मीडिया पर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामंथा के प्रशंसक तेनाली संदीप ने सामंथा के मंदिर का अनावरण किया और उस दिन उन्होंने अनाथ बच्चों के लिए दोपहर के भोजन का भी आयोजन किया। यह सभी कुछ तेनाली ने सामंथा के प्यार में किया है। इसके बाद तेनाली ने गरीब बच्चों के साथ सामंथा के 38वें जन्मदिन का केक भी काटा और उन्हें इस तरह से अपना प्यार दर्शाया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रेस से बात करते हुए, तेनाली ने इस उपलब्धि के बारे में विस्तार से बताया और उन्होंने कहा, "मेरा नाम तेनाली संदीप है। मैं आंध्र प्रदेश के बापटला में अलापडु ग्रामम से हूं। मैं सामंथा गारू का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं पिछले तीन सालों से उनका जन्मदिन मना रहा हूं। मैंने तब यह मंदिर भी बनवाया था। आज मंदिर के तीन साल हो गए हैं।



## नानी की हिट 3 से लेकर आ रहीं धमाकेदार साउथ फिल्में

# मई के महीने में बॉक्स ऑफिस पर आएगा तूफान

*मुंबई। 1 मई साउथ सिनेमा के लिए बेहद खास होने जा रहा है, क्योंकि इस दिन चार बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हर फिल्म का जॉनर अलग है- एक्शन, ड्रामा, रोमांस और इमोशन से भरपूर कहानियां दर्शकों को सिनेमा हॉल तक खींच लाने वाली हैं। इन फिल्मों में नामी सितारों की मौजूदगी और दमदार कंटेंट की वजह से पहले से ही सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। अगर आप लंबे समय से कुछ नया और मनोरंजक सिनेमा देखने का इंतजार कर रहे हैं, तो यह मौका बिल्कुल न गंवाएं। आइए जानते हैं 1 मई को रिलीज हो रही चार साउथ फिल्मों के बारे में*

### हिटः द थर्ड केस




'हिटः द थर्ड केस' यानी हिट 3 एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर है, जिसमें नानी अर्जुन सरकार नाम के एक जांबाज पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी एक 9 महीने के बच्चे के किडनैप केस के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे अर्जुन हर कीमत पर बचाना चाहता है। यह फिल्म 'हिट यूनिवर्स' की तीसरी किस्त है और इससे पहले 'हिट' और 'हिट 2' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। ट्रेलर को मिल रही प्रतिक्रियाएं बता रही हैं कि फिल्म थ्रिल और सस्पेंस से भरपूर होगी।

### टूरिस्ट फैमिली



'टूरिस्ट फैमिली' एक भावनात्मक पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें श्रीलंका से आए एक तमिल परिवार की कहानी दिखाई गई है जो तमिलनाडु में नई ज़िंदगी शुरू करना चाहता है। उनकी जद्दोजहद, संघर्ष और नए समाज में घुलने की कोशिश को फिल्म में संवेदनशीलता से दर्शाया गया है। बेहतरीन सिनेमैटोग्राफी अरविंद विश्वनाथन ने की है और दिल छू लेने वाला संगीत सीन रोल्डन ने तैयार किया है। यह फिल्म दर्शकों को एक इमोशनल सफर पर ले जाएगी।

### रेट्रो



'रेट्रो' एक रोमांटिक एक्शन ड्रामा है, जिसमें सूर्या परिवेल कन्नन नाम के एक व्यक्ति की भूमिका में हैं जो अपने पहले प्यार रुक्मिणी को फिर से पाने की कोशिश करता है। कहानी में रोमांस के साथ-साथ भरपूर एक्शन और ड्रामा भी है। फिल्म में प्रकाश राज और जयराम जैसे अनुभवी कलाकार भी अहम किरदारों में हैं, जो इसकी गहराई को और बढ़ाते हैं।

### पप्पी



'पप्पी' एक सरल लेकिन दिल को छू लेने वाली कन्नड़ फिल्म है, जो उत्तर कर्नाटक के एक गरीब परिवार की कहानी को दिखाती है जो बेहतर जीवन की तलाश में बैंगलोर आता है। उनकी किस्मत तब बदलती है जब उनके बेटे को एक लावारिस पप्पी मिलता है, जो एक अमीर परिवार का होता है। पप्पी और बच्चे की मजबूत होती दोस्ती दर्शकों को हंसाएगी भी और रुलाएगी भी।

**खबर संक्षेप**



### स्कूल द्वारा पेयजल सुविधा किया गया शुरू

**पुसौर।** आम तौर पर अक्षय तृतिया के बाद ही सनातनी परंपरा अनुसार सर्वप्रथम कुम्हार से मटका लाकर उसमें विधिवत अल्पना से चित्रित करते हुए प्रथम जल अपने पितृ लोगों को दिया जाता है वहीं पुराने समय में किसान अपने खेतों में बुआई की शुरूआत भी करते हैं जिसे किसानी भाषा में मुंठी छुना बोला जाता है। मटके का पानी अक्षय तृतीया से पूर्व उपयोग में लाने की परंपरा न होने के कारण अभिनव स्कूल प्रबंधन अक्षय तृतिया पर ही प्याउ खोलने की योजना बनाई चूंकि नए मटके पानी इतना शीतल होता है यदि वातावरण में पर्याप्त उदाहरण न हो तो उससे गला रूंध जाता है इस तथ्य के मद्देनजर बीते दिनांक को इसके शुभ मुहुर्त में पथिकों को शीतल जल मुहैया कराने कई मटकों में पानी भरा गया और इसकी शुरूआत की गई। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, स्कूल प्रबंधन प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी तथा उनके अन्य शिक्षक गण मौजुद रहे जो बारी बारी से पथिकों को जल सुलभ कराने की व्यवस्था देने का संकल्प लिया।

### गांव गांव में ली गई जल संरक्षण की शपथ

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के गांव गांव में जल संरक्षण कल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को जल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने, जल का उचित उपयोग करने के तरीकों के बारे में सिखाने और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने जैसे कई गतिविधियों को बारे में जानकारी दी गई। इसी क्रम ग्राम पंचायत सराईपाली जनपद पंचायत तमनार उड़ान संकुल संगठन सराईपाली में जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जल संरक्षण के उपाय एवं महत्व के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। इस दौरान तकनीकी सहायक द्वारा जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को शपथ भी दिलाई गई। इसी तरह ग्राम पंचायत तमनार के डोलेसरा क्लस्टर, पुसौर ब्लाक के ओड़ेकेरा क्लस्टर में भी जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया एवं शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में गांव के सरपंचए पंचए बीडीसीए पीआरपी, सीएलएफ के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### तहसील कार्यालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**सारंगढ़।** राजस्व कार्यों के त्वरित निराकरण करने के मद्देनजर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने तहसील कार्यालय सरसीवा और भटगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तहसीलदारों से राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने नामांतरण, फौती नामांतरण, सीमांकन, डायवर्सन, रिकॉर्ड दुरुस्ती जैसे समस्त राजस्व प्रकरणों को पंजीबद्ध करने एवं उचित संधारण हेतु वाचक तहसीलदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समय सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए समयबद्ध निराकरण हेतु तहसीलदार को निर्देशित किया। दोनों तहसील में उपस्थित कृषकों, ग्रामीणों, कोटवार एवं अधिवक्ता से तहसील कार्यालय में हो रहे काम के संबंध में पूछताछ कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया।

### 42 मवेशी की तस्करी 4 आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** अवैध रूप से 42 मवेशी की तस्करी करने वाले अपचारी बालक समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले में पशु तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 29 अप्रैल को 3-4 लोग 40-45 मवेशी बछड़ा को अवैध रूप से रस्सी से बांधकर डंडा से मारते हुये ग्राम भैसो मेन रोड से राहौद होते हुये ग्राम धरदेई की ओर ले जाने वाले है।

---

जल संसाधन के विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी नहीं ले रहे सुध

# सालों से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा अमाकोनी का विश्राम गृह खंडहर में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़ के आमाकोनी में जल संसाधन विभाग द्वारा बनाया गया विश्राम गृह बीते 20 सालों से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। वर्तमान में यह रेस्ट हाउस खंडहर में तब्दील हो गया है। विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इसकी सुध तक नहीं ले रहे हैं, जिससे अब यहां लोग घूमने तक नहीं आ रहे हैं।

पहले आमाकोनी विश्राम गृह में प्रतिमाह हजारों सैलानी घूमले के लिए आते थे, लेकिन जल संसाधन विभाग की उदासीनता के कारण आज आमकोनी पर्यटक स्थल में लोग घूमने से वंचित हो गए हैं। आमाकोनी में ही पुटका जलाशय के रूप एक बड़ा डेम है, जिससे यहां का वातावरण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। आमाकोनी विश्राम गृह तक पहुंचने के लिए कच्ची सड़क को भी सुधारने अब तक कोई पहल नहीं की गई है। जिससे यह विश्राम गृह अपने इस दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। इसे अलावा सारंगढ़ क्षेत्र में वनों की बहुलता है, इस क्षेत्र में पर्यटन के लिये अपार संभावनाएं हैं। वन विभाग ने कुछ साल पहले पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शासन को लगभग 6 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा था, जोकि आज तक पेंडिंग है। उक्त प्रस्ताव में कहा गया था कि बीरसिंडीह, आमाकोनी से खपान तक सीसी रोड का निर्माण, इकोपार्क, नये विश्राम गृह का निर्माण, गार्डन सहित आमाकोनी पुटका जलाशय में पर्यटकों के लिए बोटिंग का भी प्रस्ताव शामिल था, लेकिन यह कागजों तक ही सीमित रह गया।

**रेस्ट हाउस के लिए अब तक नहीं भेजा प्रस्ताव**

जल संसाधन विभाग द्वारा पुटका जलाशय केनाल में रूटीन का कार्य किया गया है और विभाग के सभी क्षतिग्रस्त सरकारी क्वार्टरों को, कार्यालयों को नए सिरे से बनाने शासन को प्रपोजल तो भेजा गया है। इसके अलावा क्षेत्र के विकास के लिए लातनाला में चिखली एनीकट बनाने के लिए लागत 7 करोड़, सारंगढ़ घोघरा नाला में स्टॉपडेम बनाने के लिए 2.80 करोड़ और पुटकानाला के झारपडीह माइनर के कार्य के लिए 1.40 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। खास बात यह है कि वर्षों से खंडहर में तब्दील आमाकोनी रेस्ट हाउस के लिए अब तक शासन को किसी प्रकार का कोई प्रस्ताव नहीं भेजा गया है।



आमाकोनी का विश्रामगृह खंडहर में तब्दील हो गया है।

**खराब सड़क में चलना जानलेवा**

आमाकोनी जाने के लिए सारंगढ़ से बीरसिंडीह तक बीटी रोड बन गया है, लेकिन बीरसिंडीह से आमाकोनी पुटका जलाशय, जोकि जल संसाधन विभाग के अंतर्गत आता है, तक जाने के लिए सड़क बहुत ही खराब है। उबड़-खाबड़ सड़क, बड़े-बड़े बोल्डर और गड्ढों पर चलना लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। विभागीय अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण आज पर्यंत तक न तो रोड बना है और न ही विश्राम गृह का जीर्णोद्धार हो सका है।

**प्रस्ताव भेजा**

रेस्ट हाउस के जीर्णोद्धार के लिए सालों पहले शासन के पास प्रपोजल गया था, लेकिन उसमें क्या हुआ इसकी मुझे जानकारी नहीं। हमारे द्वारा इस साल प्रस्ताव बना कर बजट में शामिल करने के लिए शासन को भेजा जाएगा।

आराधना पटेल
एसडीओ, सारंगढ

---

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना तीर्थ यात्रियों में दिखा उत्साह

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर पुनः प्रारंभ हुई मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत रायगढ़ जिले से पहला जत्था रायगढ़ स्टेशन से मथुरा, कृष्ण जन्मभूमि एवं वृंदावन तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुई। जिसमें रायगढ़ जशपुर एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 800 तीर्थ यात्री शामिल हुए। इस दौरान तीर्थ यात्रियों में खासा उत्साह और उमंग देखने को मिला। वहीं वृद्ध जनों ने शासन की तीर्थ यात्रा की पहल को सराहनीय बताया।मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में शामिल नगर पंचायत पुसौर के 70 वर्षीय संतोषिनी महाणा ने तीर्थ दर्शन योजना पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हम जैसे बुजुर्गों के लिए शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना महत्वपूर्ण है। जिससे आज हम लाभान्वित हो रहे है। इसी प्रकार 72 वर्षीय रायगढ़ के विश्वनाथ पाली निवासी श्रीमती हरमती नायक ने मुख्यमंत्री श्री साय एवं वित्त मंत्री श्री चौधरी को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें तीर्थ दर्शन पर वृंदावन, कृष्ण जन्मभूमि एवं मथुरा जैसे पवित्र धाम के दर्शन का मौका मिलने जा रहा है। यात्रा के दौरान यहां खान-पान के साथ सभी प्रकार की सुविधाएं ट्रेन में दी गई है, जो बेहतर है। ग्राम पंचायत केराझर के डोंगाढकेल निवासी मनबोध साहू ने कहा कि शासन ने वरिष्ठ नागरिक को तीर्थ यात्रा में धार्मिक स्थलों का तीर्थ दर्शन करवाया जा रहा है। जिससे बहुत खुशी हो रही है। यह एक अच्छा अनुभव है। विकासखंड लैलूंगा के ग्राम बरडीह निवासी 67 वर्षीय धोबलेश्वर गुप्ता ने कहा कि कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण कई लोग इतनी अच्छी व्यवस्था नहीं कर पाते जितनी अच्छी शासन ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में की है यह शासन की सराहनीय पहल है।

---

## पुसौर में भूमिपूजन के बाद जलाशयों का काम शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर क्षेत्र में जलाशयों का काम शुरू हो चुका है। बता दें इन जलाशयों के लिए प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भूमिपूजन किया था। भूमिपूजन संपन्न होने के तत्काल पश्चात निर्माण कार्य शुरू हुआ है। इससे क्षेत्रवासियों में संतुष्टी देखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के 5 जलाशयों का भूमिपूजन हुआ और दूसरे दिन ही सभी जलाशयों के पुनरूद्धार हेतु कार्य प्रारंभ हो गए इस कड़ी में पुसौर के मंशाटार जलाशय में जेसीबी के जरिए काम प्रारंभ हो चुका है। जल संशाधन विभाग के एसडीओ नायक ने बताया जिन जिन जलाशयों का भुमिपुजन हुआ है सभी स्थानों में कार्यप्रारंभ हो गया है प्रथम दृश्टया मेडों की सफाई जारी है। एसडीओ नायक ने कहा कि बोरोडिपा जलाशय के पुनरूद्धार हेतु कार्रवाई चल रहे हैं, हो सकता है आगामी सत्र में यहां भी निर्माण प्रारंभ होगा। ज्ञात हो कि भूमिपुजन के समय अपने उद्बोधन में मंत्री ने साफ शब्दों में निर्माण कार्यो में लापरवाही एवं गुणवत्ताहीनता बर्दाश्त नहीं होने का हवाला दिया था इसलिए रायगढ जल संशाधन विभाग के प्रमुख एवं एसडीओ तथा समूचा अमला लगातार मौके में जाकर ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे कार्यो का जांच कर रहे हैं।

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर हो फोकस : कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने रायगढ़ नगर निगम अंतर्गत चल रहे प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण कर काम में प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने शहर के प्रोजेक्ट्स के बारे में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को विस्तार से जानकारी देते हुए अद्यतन स्थिति के बारे में अवगत कराया।

- कलेक्टर ने नालंदा परिसर, ऑक्सीजोन सहित अन्य कार्यों का लिया जायजा

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने चल रहे फाउंडेशन निर्माण का काम देखा और नालंदा परिसर के लेआउट डिजाइन के अनुसार निर्माण के लिए तय की गयी कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि नालंदा परिसर का निर्माण कार्य पूरी गति के साथ हो। अभी गर्मियों का समय है तो निर्माण में अच्छी प्रगति दिखे। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने नालंदा परिसर के अंतर्गत बनने वाले ओपन रीडिंग स्पेस व कैफेटेरिया स्थल का भी मुआयना किया। इसके पश्चात कलेक्टर चतुर्वेदी ऑक्सीजोन का निर्माण देखने पहुंचे। यहां पर अब तक हुए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। बताया गया कि अभी बाउंड्री वाल निर्माण और पार्किंग में कांक्रीटीकरण का कार्य चल रहा है। ऑक्सीजोन परिसर में बारिश के पहले प्लांटेशन की तैयारी भी पूरी की जा रही है। ताकि बरसात में पौधे लगाने का काम किया जा सके। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने निर्माण एजेंसी से कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने मरीन ड्राइव में शनि मंदिर से छठ घाट तक सड़क निर्माण के साथ कयाघाट में स्वीकृत पुल के निर्माण के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने एफसीआई राइस मिल के पास नए ऑक्सीजोन निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने रेलवे स्टेशन के आस पास ट्रैफिक मैनेजमेंट की दृष्टि से नगर निगम की कार्ययोजना के संबंध में भी जानकारी ली।



## गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने ली समीक्षा बैठक



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग में पंजीकृत गौशालाओं के माध्यम से प्रदेश स्तरीय गौ ग्राम जनजागरण यात्रा का आयोजन आगामी 20 मई 2025 तक किया जा रहा है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल रायगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में गौशाला एवं गौ सेवा से जुड़े स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने देशी गाय की उपयोगिता, गौ मूत्र तथा गोबर के उपयोग से तैयार किए जाने वाले कीट नियंत्रक एवं विभिन्न उपयोगी उत्पादों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गौ ग्राम जनजागरण यात्रा आयोजन का मुख्य उद्देश्य गाय के महत्व को जन जन तक पहुंचाना है। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री पटेल ने पशुपालकों से पशुओं को सड़कों में आवारा खुला न छोडऩे हेतु कहा। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों से गौ तस्करी के संबंध में चर्चा की तथा गौ तस्करी रोकने हेतु विशेष दिशा निर्देश दिए। जिसके पश्चात उन्होंने चक्रधर गौशाला रायगढ़, मदन मोहन गौशाला खरसिया एवं आचार्य श्री गौशाला एवं जीवरक्षा संस्थान बैसपाली रायगढ़ का भ्रमण कर गौशाला द्वारा आयोजित गौ ग्राम जन जागरण यात्रा में शामिल हुए।

---

### रामराज सब चाहते हैं, किंतु वनवास कोई नहीं चाहता : कवि तेजराम

**तमनार।** साउथ प्वाइंट इंग्लिश स्कूल जशपुर एवं महिला काव्य मंच जशपुर के संयुक्त तत्वाधान में 30 अप्रैल को भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक कवयित्री अनीता गुप्ता रहीं। जिन्होंने शानदार काव्यपाठ किया। अनीता गुप्ता स्वयं एक श्रेष्ठ साहित्यकार तथा कहानीकार हैं जिनका कहानी संग्रह ओ पगली को पाठकों द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है, और इसकी सैकड़ों प्रतियाँ बिक चुकी है। सर्वप्रथम पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए नागरिकों को सादर श्रद्धांजलि दी गई इसके पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर वाग्देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से की गयी। शालिनी गुप्ता के शानदार संचालन में कवियों ने काव्य पाठ किया और तालियां बटोरी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कवि सम्मेलन के मुख्य आकर्षण तमनार रायगढ़ से आमंत्रित हास्य व्यंग्य के सुप्रसिद्ध कवि तेज राम नायक जी ने अपनी हास्य कविताओं से कार्यक्रम को शिखर तक पहुंचाया और व्यंग्यात्मक शैली की कविताओं से श्रोताओं के चेतना को जागृत किया। कवि तेज ने हास्य कविताओं के बीच बीच में व्यंग्यात्मक शैली की ऐसी कविताएं सुनाई कि लोग सोचने पर मजबूर हो गए।



---

## पीएम आवास का निरीक्षण करने हितग्राहियों के घर पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी पुसौर ब्लाक के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी साथ उपस्थित रहे।

- केलो नहर के निर्माण कार्य का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी पुसौर के गढ़उमरिया में पीएम आवास का कार्य देखने पहुंचे। यहां वे हितग्राही द्रोपदी गुप्ता एवं रेवती गुप्ता के घर पहुंचे और उनसे आवास निर्माण के संबंध में चर्चा की। हितग्राहियों ने बताया कि आवास का निर्माण उनके स्वयं के द्वारा किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की समस्या पर अधिकारियों का मार्गदर्शन मिलता है। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने जानकारी दी कि जिले में आवास निर्माण का काम मिशन मोड में किया जा रहा है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवास निर्माण कार्य तय समय.सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का लक्ष्य लेकर काम करें। जिससे लाभार्थियों को शीघ्र पक्का मकान मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि योजना के प्रत्येक चरण की मॉनिटरिंग और फील्ड विजिट नियमित रूप से जारी रहे।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने पुसौर में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुसौर में बनने जा रहे लाईब्रेरी, हॉस्पिटल एवं स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स के निर्माण हेतु जमीन चिन्हांकन के लिए निरीक्षण किया और एसडीएम, तहसीलदार से इस संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही पुसौर में नवीन स्वीकृत उप पंजीयक कार्यालय हेतु तहसील कार्यालय के समीप स्थल निरीक्षण किया और भूमि चिन्हांकन के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने इस दौरान केलो नहरों के निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने दर्रीपाली, देवलसूर्रा में चल रहे केलो नहर का काम देखा। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि केलो नहर का कार्य प्राथमिकता से पूरा करना है। इसके लिए विभागीय अधिकारी नियमित रूप से काम के प्रोग्रेस की मॉनिटरिंग करें। इस दौरान एसडीएम प्रवीण तिवारी, तहसीलदार श्रीमती नेहा उपाध्याय सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।






---

## जननायक की याद में कूलर स्थापित, कुलियों को राहत

**रायगढ़।** अपना पसीना बहाकर बड़ी इबारतें लिखने वाले कुली और मजदूरों का सम्मान होना निश्चित हो तो वह यादगार होता है।

इसी तारतम्य में 1 मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर इनके क्षणभर के आराम के लिए प्रयास करना इंसानियत होती है।

1 मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सारी दुनिया का बोझ उठाने वाले कुली भाइयों का सम्मान करते हुए रायगढ़ रेलवे स्टेशन में उनके आराम कक्ष में जननायक रामकुमार अग्रवाल की स्मृति में रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ संस्था के द्वारा कूलर सप्रेम भेट किया गया और संस्था का यह प्रयास इसलिए था कि हजारों यात्रियों का बोझ और समान इन कुली भाइयों द्वारा 24 घंटे उठाकर पैसेंजर ट्रेनों के डिब्बों में पहुंचाकर उनकी यात्रा को मंगल मयी और सुगम बनाते हैं। इस भारी मेहनत से कुली भाइयों का मेहनत कश पसीना बहता है जिसे वे अपने आराम कक्ष में बैठकर पोछते और सुखाते हैं। इस मौके पर कुली भाइयों में मुख्य रूप से कुली भाइयों में गणेश साहू, रमेश साहू, कृष्णा साहू, किशोर साहू, प्रेम महंत, कैलाश मस्ताना सोनी, अशोक तांती, मनीराम साहू, हुलस जाटवर, मुकेश साहू, रेशम साहू, देवनारायण साहू, भगवान प्रसाद, लोचन, चिंता नरसिंह आदि कुली भाई इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



